STEP UP SCHOOL

SUS/24-25/APRIL/2 DATE: 05.04.24

विषय: वाद-विवाद प्रतियोगिता हेतु सूचना

प्रिय अभिभावक
सादर अभिवादन!

आप सभी को यह सूचित करते हुए हमें अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है कि हमारे विद्यालय में दिनांक 25/04/2024 को कक्षा **6 से 8** तक के सभी छात्रों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने का उद्देश्य न केवल छात्रों की तार्किक क्षमता का विकास, स्वतंत्र विचाराभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक वक्तव्य आदि गतिविधियों को बढ़ावा देना है अपितु उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ बनाना भी है।

नियम एवं दिशा-निर्देश-

1. प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से प्रतिस्पर्धा करेंगे|
2. वाद-विवाद प्रतियोगिता की भाषा हिंदी होगी।
3. प्रत्येक प्रतिभागी को अपने तर्क प्रस्तुत करने के लिए अधिकतम 3 मिनट की अवधि दी जाएगी।
4. इस प्रतियोगिता के दो चरण होंगे। पहला **इंट्राक्लास** और दूसरा **इंटरक्लास**।
5. विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएँगे।
6. प्रतिभागियों से प्रतिस्पर्धा के दौरान एक दूसरे के प्रति सम्मान और खेल-भावना का प्रदर्शन अपेक्षित है।

वाद-विवाद प्रतियोगिता के प्रथम चरण का विवरण इस प्रकार है-

प्रतियोगिता की तारीख	भाषा	कक्षा	प्रतियोगिता हेतु प्रदत्त विषय
18/04/2024	हिंदी	VI	क्या विद्यालयों में जंक फ़ूड रखने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए) । (पक्ष / विपक्ष)
18/04/2024	हिंदी	VII	खेल स्वस्थ तन एवं मन हेतु उपयोगी अथवा समय की बर्बादी
18/04/2024	हिंदी	VIII	पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण घातक है| (पक्ष / विपक्ष)

नोट - अभिभावकों से विशेष अनुरोध है कि वह इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अपने बालकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भवदीय,
स्टेप अप स्कूल